अति महत्वपूर्ण

कार्यालय- मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मॉडल हाउस, मल्लीताल, नैनीताल।
ईमेल- ad.kumayunmandal@gmail.com

सेवा में,

01. मुख्य शिक्षा अधिकारी–
नैनीताल, अल्मोड़ा, ऊधमसिंहनगर,
चम्पावत, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़।

02. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)–
नैनीताल, अल्मोड़ा, ऊधमसिंहनगर,
चम्पावत, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़।

पत्रांक / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / 496-513 / 2025–26 दिनांकः 16 अप्रैल, 2025

**विषय–** **रा0प्रा0शि0 से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनक्रम में रिक्त 30 प्रतिशत पदों के सापेक्ष पदोन्नित हेतु प्राप्त आवेदनों के परीक्षणोंपरान्त अनन्तिम वरिष्ठता सूची के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालयी पत्रांक / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / 5221–33 / 2024–25 दिनांक 01.10.2024 द्वारा रा0प्रा0शि0 से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनमान में रिक्त 30 प्रतिशत पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु कुल–263 पदों पर (218 पद सामान्य शाखा एवं 45 पद महिला शाखा) पदोन्नति हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी। उक्त के क्रम में कुमाऊँ मण्डल के अन्तर्गत स्थापित समस्त जनपदों द्वारा पदोन्नित हेतु इच्छुक शिक्षकों के आवेदन इस कार्यालय में उपलब्ध कराये गये, जिनका परीक्षण करने उपरान्त विषयवार अनन्तिम वरिष्ठता सूची तैयार करते हुए विभागीय वैबसाईट– https://schooleducation.uk.gov.in पर प्रख्यापित की जा रही है।

उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि, वैबसाईट में प्रख्यापित सूची का अपने स्तर से प्रचार–प्रसार करते हुए, ऐसे शिक्षक जिनके नाम के सम्मुख आपत्तियां अंकित की गयी हैं को अपने स्तर से भी संबंधित आपत्तियों का निराकरण करने उपरान्त अभिलेख / विवरण **दिनांक 15 मई, 2025 तक** अनिवार्यतः इस कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। इस पत्र के साथ विस्तृत दिशा–निर्देश सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है, अतः आपसे अपेक्षा है कि प्रकरण की महत्ता का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः–उक्तवत्।**

भवदीय

**(गजेन्द्र सिंह सौन)**
मण्डलीय अपर निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल

पृ0सं0 / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / / 2025–26 दिनांक–उक्तवत्।

**प्रतिलिपिः**–01. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

02. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

03. मण्डलीय अपर निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।

04. समस्त उप शिक्षा अधिकारी, कुमाऊँ मण्डल को अनुपालनार्थ प्रेषित।

05. संबंधित अध्यापक / अध्यापिका को अनुपालनार्थ प्रेषित।

06. प्रभारी–एम0आई0एस0, कार्या0 महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार अनन्तिम वरिष्ठता सूची एवं दिशा–निर्देश विभागीय वैबसाईट–https://schooleducation.uk.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

मण्डलीय अपर निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल

अति महत्वपूर्ण

कार्यालय- मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मॉडल हाउस, मल्लीताल, नैनीताल।
ईमेल- ad.kumayunmandal@gmail.com

सेवा में,

01. मुख्य शिक्षा अधिकारी–
नैनीताल, अल्मोड़ा, ऊधमसिंहनगर,
चम्पावत, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़।

02. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)–
नैनीताल, अल्मोड़ा, ऊधमसिंहनगर,
चम्पावत, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़।

पत्रांक / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / /2025–26 दिनांकः 16 अप्रैल, 2025

**विषय–** **रा0प्रा0शि0 से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनक्रम में रिक्त 30 प्रतिशत पदों के सापेक्ष पदोन्नित हेतु प्राप्त आवेदनों के परीक्षणोंपरान्त अनन्तिम वरिष्ठता सूची के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालयी पत्रांक / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / 5221–33 / 2024–25 दिनांक 01.10.2024 द्वारा रा0प्रा0शि0 से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनमान में रिक्त 30 प्रतिशत पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु कुल–263 पदों पर (218 पद सामान्य शाखा एवं 45 पद महिला शाखा) पदोन्नति हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी। उक्त के क्रम में कुमाऊँ मण्डल के अन्तर्गत स्थापित समस्त जनपदों द्वारा पदोन्नित हेतु इच्छुक शिक्षकों के आवेदन इस कार्यालय में उपलब्ध कराये गये, जिनका परीक्षण करने उपरान्त विषयवार अनन्तिम वरिष्ठता सूची तैयार करते हुए विभागीय वैबसाईट– https://schooleducation.uk.gov.in पर प्रख्यापित की जा रही है।

उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि, वैबसाईट में प्रख्यापित सूची का अपने स्तर से प्रचार–प्रसार करते हुए, ऐसे शिक्षक जिनके नाम के सम्मुख आपत्तियां अंकित की गयी हैं को अपने स्तर से भी संबंधित आपत्तियों का निराकरण करने उपरान्त अभिलेख / विवरण **दिनांक 15 मई, 2025 तक** अनिवार्यतः इस कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। इस पत्र के साथ विस्तृत दिशा–निर्देश सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है, अतः आपसे अपेक्षा है कि प्रकरण की महत्ता का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः–उक्तवत्।**

भवदीय

**(गजेन्द्र सिंह सौन)**
मण्डलीय अपर निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल

पृ0सं0 / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / 496-513 /2025–26 दिनांक–उक्तवत्।

**प्रतिलिपिः**–01. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

02. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
03. मण्डलीय अपर निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।
04. समस्त उप शिक्षा अधिकारी, कुमाऊँ मण्डल को अनुपालनार्थ प्रेषित।
05. संबंधित अध्यापक / अध्यापिका को अनुपालनार्थ प्रेषित।
06. प्रभारी–एम0आई0एस0, कार्या0 महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार अनन्तिम वरिष्ठता सूची एवं दिशा–निर्देश विभागीय वैबसाईट–https://schooleducation.uk.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

मण्डलीय अपर निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल

# कार्यालय : मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।

**रा0प्रा0शि0 से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनक्रम में रिक्त 30 प्रतिशत पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु जारी अनन्तिम वरिष्ठता सूची के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देशः–**

- यह सूची केवल अनन्तिम वरिष्ठता सूची है, जो शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि अथवा प्रशिक्षित वेतनमान में नियुक्ति तिथि के आधार पर तैयार की गयी है। अतः इसके आधार पर किसी भी शिक्षक का पदोन्नति हेतु कोई भी दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।
- यह अनन्तिम वरिष्ठता सूची जनपदों से प्राप्त आवेदनों/सूचियों के आधार पर तैयार की गयी है, कतिपय शिक्षकों का नाम जनपद स्तर से प्राप्त सूचियों में तो अंकित है किन्तु आवेदन इस कार्यालय में अप्राप्त हैं के संबंध में टिप्पणी उनके नाम के सम्मुख अंकित की गयी है। ऐसे समस्त शिक्षकों के आवेदन जनपद स्तर से इस कार्यालय में उपलब्ध कराये जाएं अथवा नाम की अंकना त्रृटिवश होने संबंधी सूचना से अवगत कराया जाय।
- कतिपय शिक्षक जिनके शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता संबंधी अभिलेख अप्राप्त हैं के संबंध में टिप्पणी उनके नाम के सम्मुख अंकित की गयी है; ऐसे शिक्षक जिनके द्वारा उत्तराखण्ड राज्य से बाहर अथवा प्राईवेट विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त की गयी हैं को एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त होने संबंधी अभिलेख/तथ्य प्रस्तुत करने होंगे।
- यह पदोन्नतियां उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–2014 (यथासंशोधित) एवं उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा संशोधन नियमावली–2019 में निहित प्राविधानों के तहत ही की जायेंगी। आवेदनों का परीक्षण करने उपरान्त यह तथ्य प्रकाश में आया है कि, कतिपय अनर्ह शिक्षकों द्वारा भी पदोन्नति हेतु आवेदन किया गया है, ऐसे समस्त आवेदन निरस्त समझे जायेंगे।
- यह अनन्तिम वरिष्ठता सूची विभागीय वैबसाईट–https://schooleducation.uk.gov.in के NOTICES > ANNOUNCEMENT सेक्शन पर EXCEL SHEET के रूप में अपलोड की जा रही है। अतः तद्नुसार अनुकूल माध्यम का प्रयोग करते हुए सूची ACCESS करें।
- ऐसे शिक्षक जिनके नाम के सम्मुख आपत्तियां अंकित की गयी हैं के द्वारा आपत्ति निराकरण करते हुए अपने जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय में उपलब्ध करायी जायेंगी। तदुपरान्त जनपदीय कार्यालयों द्वारा संकलित अभिलेख/विवरण इस कार्यालय में विषयवार पृथक–पृथक (वरिष्ठताक्रमानुसार) **दिनांक–15 मई, 2025 (गुरूवार)** तक अनिवार्यतः **वाहक के माध्यम से** उपलब्ध कराया जायेगा। चूंकि यह एक समयबद्ध प्रक्रिया है, अतः निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले अभिलेखों/विवरणों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।
- प्रख्यापित अनन्तिम वरिष्ठता सूची के संबंध में कोई भी प्रत्यावेदन, आपत्तियों के निराकरण संबंधी अभिलेख, आदि केवल उचित माध्यम (जनपदीय कार्यालय) से प्राप्त होने पर ही मान्य होंगे, ऐसे समस्त प्रकरण जो सीधा इस कार्यालय हेतु प्रेषित किये जायेंगे के संबंध में विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।
- जनपदीय कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि, प्राप्त होने वाले समस्त प्रत्यावेदनों/अभिलेखों का भली–भांति मिलान/परीक्षण करने उपरान्त ही इस कार्यालय हेतु अग्रसारित किये जाएं।

**दिनांकः–16.04.2025**

**मण्डलीय अपर निदेशक**
**माध्यमिक शिक्षा,**
**कुमाऊँ मण्डल नैनीताल**